कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय माण्डी हरिया (चरखी दादरी)

Dated: 07/12/2023

Press Note

आज दिनांक 07/12/2023 को महाविद्यालय में Placement Cell के तत्वाधान में श्री महेन्द्र सिंह द्वारा विस्तार व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। विस्तार व्याख्यान के लिए डा० रमेश कुमार, सहायक प्राध्यापक योगिक विज्ञान, लाल बहादुर शस्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली को आमंत्रित किया गया। विस्तार व्याख्यान का विषय 'योगिक विज्ञान में कैरियर के अवसर' रहा। डा० रमेश कुमार ने विद्यार्थियों को योग द्वारा कैरियर के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने व्याख्यान में कहा कि योग कैरियर के अनेक अवसर प्रदान करता है। निरंतर योगा अभ्यास के द्वारा आप अपने मनोवांछित लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। योग मे सबसे जरूरी है निरंतर एकाग्रता और दीर्घता का अभ्यास जरूरी है, जिसके माध्यम से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। आज योग के शिक्षक अनेक अवसर प्राप्त कर सकते है। जैसे– हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही वैलेनेश सेंटर और गॉव में चलाई जा रही योग शालाएं भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे बैलेंस सेंटर, स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों, सरकारी व प्राइवेट स्कूलों, महाविद्यालय व विश्वविद्यालयों में अनेक पिकनिक स्पोट्स, प्राइवेट कम्पनियों, खिलाडी व फिल्म अभिनेता आदि प्रतिदिन योग अभ्यास करते है। जिससे योग शिक्षको की आवश्यकता महसूस होती है। इसलिए योग के क्षेत्र में अनेक प्रकार से अपना कैरियर बना सकते है। योग स्वयं को सुधारने की विद्या है। स्वयं के उत्थान के लिए आसन, प्राणायाम और ध्यान का प्रतिदिन अभ्यास कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर राजेश कुमार, सहायक प्रोफेसर डॉ० योगिता गोदारा, सहायक प्रोफेसर योगेश जॉगडा, सहायक प्रोफेसर अनिल कुमार आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

[signature]
Incharge
Mahender Singh

[signature]
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
माण्डी हरिया (च० दादरी)